## राज्यपाल, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को दी नव वर्ष की बधाई

# राष्ट्रहित की सर्वोच्चता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें : पटेल

भोपाल (काप्र)।

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मंगलकामना की है कि नववर्ष 2024 सभी के लिए सुख, शांति, सद्भाव, समृद्धि और सफलता लेकर आये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्रीद्वय जगदीश देवड़ा,राजेन्द्र शुक्ल व महापौर मालती राय के साथ जनप्रतिनिधियों ने नव की बधाई दी है।**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अपने सन्देश में कहा है कि विकसित और आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए प्रदेशवासियों को आगे आना होगा। समृद्ध मध्यप्रदेश बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को संकल्पित होना होगा। राष्ट्र हित की सर्वोच्चता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी के साथ पालन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने नागरिकों से अपील की है कि नूतन वर्ष में जीवन के प्रत्येक क्षण को प्रदेश के विकास और वंचितों के कल्याण के लिए अर्पित करने का संकल्प ले।

### मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी प्रदेशवासी बनें भागीदार : डा. यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नव वर्ष 2024 की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नव वर्ष में सभी के सुखी और समृद्ध होने की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी प्रदेशवासी अपना अमूल्य सहयोग देकर भागीदार बनें। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमारा प्रण आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाना है। हम सभी एकजुट होकर प्राण-प्रण से इस संकल्प की पूर्ति में जुट जाएं।

वहीं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने नव वर्ष पर नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों की समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्री देवड़ा ने बधाई संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को आत्म-निर्भर बनाने और रोजगार के नये अवसर पैदा करने के लिये एमएसएमई सेक्टर को भरपूर बढ़ावा दिया जायेगा। देवड़ा ने कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन, नीतियों और सुशासन से विकास योजनाओं के लिये किसी प्रकार की वित्तीय बाधा नहीं आयेगी। श्री देवड़ा ने कहा कि नये साल में प्रदेश के अधो-संरचनात्मक ढाँचे को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इससे विकास की गति में तेजी आयेगी।

वहीं उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को नवीन वर्ष की शुभकामनाएँ दी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कामना की है कि नया साल सभी के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लेकर आये। उप मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि मध्यप्रदेश सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक और ऊर्जा संसाधनों से परिपूर्ण है, हम सभी को मिलकर इसे सशक्त, आत्मनिर्भर और सर्वश्रेष्ठ बनाना है। मध्यप्रदेश की समृद्धि की इस यात्रा में, सभी नागरिकों को स्वस्थ, समृद्धि भरा और उन्नत जीवन सरकार का संकल्प है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वैभवशाली मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार का महत्वपूर्ण लक्ष्य है कि प्रदेश में दूरस्थ अंचलों तक उच्च-क्षमता वाली जाँच और उपचार की सुविधाएं प्रदान करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 11 हजार 800 से अधिक आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर क्रियाशील हैं, जिनमें अब तक 2 करोड़ से भी अधिक लोगों को उपचार और परामर्श सेवाएं मिली हैं। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्वशासी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किए हैं। नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए भी कदम उठाये जा रहे हैं।

महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किषन सूर्यवंषी, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती शबिस्ता आसिफ ज़की सहित महापौर परिषद के सदस्यों व पार्षदगण ने शहर के नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामना देने वालों में महापौर परिषद के सदस्य राजेष हिंगोरानी, रविन्द्र यती, मनोज राठौर, श्रीमती सुषमा बावीसा, जगदीष यादव, आर.के.सिंह बघेल, आनंद अग्रवाल, जीतेन्द्र शुक्ला, अषोक वाणी, श्रीमती छाया ठाकुर एवं पार्षदगण लक्ष्मण राजपूत, श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी, श्रीमती करिष्मा मीना, अषोक मारन, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती प्रिंयका मिश्रा, श्रीमती रेहाना सुल्तान, श्रीमती नाहिद सादबिन खालिद, श्रीमती सरोज आसेरी, श्रीमती अनीता कनर्जी, देवेन्द्र भार्गव, श्रीमती शीबा मसूद, शैलेष साहू, मोहम्मद सरवर, श्रीमती शीतल रवि वर्मा, राजू कुषवाह, वसीम उददीन, श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती विनीता सोनी, समर हुजूर, श्रीमती लईका कुरैषी, श्रीमती राजमनी उईके, श्रीमती वीनू सक्सेना, देवांषु कंसाना, प्रवीण सक्सेना, श्रीमती बृजुला सचान, श्रीमती आरती अनेजा, पप्पू विलास घाड़गे, सुशीरीन खान, गीता प्रसाद माली, श्रीमती वंदना कुषवाह, श्रीमती गौरी पाठक, श्रीमती मर्सरत बाबू मस्तान, अजीज उददीन, श्रीमती नसीम गफूर, विमलेष सिंह ठाकुर, श्रीमती षिखा गोहल, योगेन्द्र सिंह चौहान 'गुड्डू', गिरजा खटीक, अरविंद वर्मा, बाबूलाल यादव, श्रीमती स्नेहलता रघुवंषी, श्रीमती शीला पाटीदार, प्रताप बारे, श्रीमती अर्चना परमार, नीरज सिंह, सुरेन्द्र बाड़ीका, राकेष यादव, श्रीमती अनीता शुक्रवारे, बी.षक्ति राव, श्रीमती मधु षिवनानी, राजेष चौकसे, षिवलाल मकोरिया, श्रीमती शिरोमणि शर्मा, जीत राजपूत, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती उर्मिला मौर्य, सूर्यकान्त गुप्ता, कुमारी श्रद्धा दुबे, श्रविकास पटेल, राजू राठौर, श्रीमती शकुन सिंह, श्रीमती रीता विष्वकर्मा, श्रीकान्त राय 'लक्की', दानिष खान, मो. रियाज, श्रीमती अंजू राजपूत, श्रीमती सुनीता भदौरिया, श्रीमती बबीता डोंगरे, श्रीमती ज्योति मिश्रा, श्रीमती शोभना मारण, श्रीमती रूमा राजपूत सम्मिलित है।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को महिला थाना प्रभारी ने सकुशल किया परिजनों के सुपुर्द

भोपाल (काप्र)

**30 दिसंबर को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के बंगले के बाहर चार इमली में बैठी हुई है जो न ही किसी से बात कर रही है न ही किसी की बात का जवाब दे रही है।**

प्राप्त सूचना पर निरीक्षक शिल्पा कौरव (महिला थाना प्रभारी) तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर हमराह बल महिला आर पूजा सहगल, उप निरी एड्रियाना भगत, महिला आर पूनम जयवार, महिला सैनिक रुकसाना के डिप्टी सी एम राजेंद्र शुक्ला के बंगले पर पहुंची।

जहां महिला बाहर बैठी मिली, जिसने बातचीत के दौरान बताया कि उसे प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह , ज्योतिरादित्य ने फोन करके बताया है कि सदर कैंट जबलपुर का उन्हें मौखिक विधायक मनोनीत किया गया है इसलिए वे अपना नियुक्ति पत्र उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से लेने जबलपुर से भोपाल आई है। महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगने से निरी0 शिल्पा कौरव द्वारा उन्हें हमराह थाने लाया गया। महिला का नाम पता उनके आधार कार्ड से ज्ञात कर परिजनों से संपर्क किया गया।

परिजनों को महिला थाना भोपाल उपस्थित आने हेतु पाबंद किया गया। महिला व उनके पास मिले नगद 13700 रुपए तथा सोने के जेवरात जो वे स्वयं पहने थी को सुरक्षित रखा जाकर दिनांक 31/12/23 को महिला के भाई साहेश चित्रे तथा राकेश चित्रे उपस्थित आए, जिनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 28/12/23 को उनकी बड़ी बहन नलिनी चित्रे कैंट जबलपुर स्थित घर से किसी को कुछ बताए बिना रुपए लेकर भोपाल आ गई थी। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिन्हे सभी परिजन खोज रहे थे। परिजनों तथा महिला के बयान लेकर महिला को उनके भाइयों के सुपुर्द कर रवाना किया गया। इस तरह मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित कर उनके परिजनों के साथ महिला को उनके घर रवाना किया गया।

## हथियारों की तस्करी के अंतरराष्ट्रीय रैकेट का पर्दाफाश,सात पिस्तौल जब्त

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने अमेरिका आधारित तस्कर मनप्रीत उर्फ मनु महावा की तरफ से सीमा पार से चलाए जा रहे नशे और हथियारों की तस्करी के रैकेट का रविवार को पर्दाफाश करते हुए अमृतसर से दो लोगों को गिरफ्तार किया।राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान संदीप सिंह उर्फ लाडी निवासी गुरू की वडाली, अमृतसर और रौशन निवासी हीर, अमृतसर के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने मुलजिमों के कब्ज़े से 19 किलो हेरोइन, 23 लाख रुपए की ड्रग मनी, सात पिस्तौल जिनमें एक 9 एमएम की अत्याधुनिक ग्लोक पिस्टल, तीन .30 बोर के पिस्तौल और तीन .32 बोर के पिस्तौल बरामद की है। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान की मोहर वाला गोला-बारूद, नोट गिनने वाली मशीन और ड्रोन का रिमोट कंट्रोलर और स्पेयर पंखे भी बरामद किये हैं। इसके साथ ही पुलिस ने उनकी हुंडयी वर्ना कार ( पी. बी. 06 बी बी 4064), जिसमें वह हेरोइन की खेप आपूर्ति करने जा रहे थे, भी ज़ब्त कर ली है।

# वीरसवरकर प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली




भोपाल काप्र

विश्व हिंदू परिषद की अध्यक्षता में शंकरचार्य प्रखंड के राजेंद्र नगर में बस्ती-सा भव्य शोभा यात्रा निकली गई जिसमें अयोध्या जी से आए पूज्य अक्षत कलश रहे जो द्वारका नगर शारदा मंदिर से प्रारंभ होकर सेमरा राम मंदिर पर संपन्न हुई जिसमें सर्व समाज सम्मिलित हुआ। पूज्य अक्षत कलश की जगह जगह सभी समाजों के राम भक्तों ने पूजा अर्चना की एवं स्वागत किया गया, विश्व हिन्दू परिषद ने सभी सनातन संस्कृति बंधुओं से निवेदन किया गया की 22 जनवरी को होने जा रहे प्रभु श्री राम जी के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सभी अपने घरों और मंदिरों को एक दिन के लिए अयोध्या बनाया जाऐ सभी अपने घरों पे दीपक प्रज्वलित करें मिठाई बांटे पटाखे जलाये जिसमें राष्ट्र स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल से विभाग सह संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत जिला प्रचार प्रसार विजेंद्र परिहार प्रखंड सेवा प्रमुख मनीष सैनी संजय धार्मिक भारतीय जनता पार्टी से वार्ड 37 पार्षद हेमराज कुशवाहा वार्ड 38 से पार्षद नितिन पाठक पार्षद गीता माली गोवंद सैनी एवं सर्व समाज ने अपना योगदान प्रदान किया

# कार सेवकों को याद करते हुए युवाओं ने किया रक्तदान

भोपाल (हिनप्र)।

**गुरुनानक मंडल द्वारा हनुमान गढ़ी मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में वर्ष 2023 के अंतिम दिन 23 युवाओं ने थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान किया एवं अपने रक्त से अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर की आकृति बनाई।**



इस अवसर पर राकेश कुकरेजा ने बताया के थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को हर 15 दिन में रक्त आवश्यकता होती है, रक्त न मिलने के कारण कई बार जान जाने का खतरा बना रहता है इसे देखते हुए आज युवाओं ने रक्तदान किया। कुकरेजा ने बताया अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण में शहीद हुए कार्यसेवको को याद करते हुए युवाओं के रक्त से अंतराष्ट्रीय टेटू आर्टिस्ट हैरी नाथानी द्वारा राम मंदिर की आकृति बना कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर भगवान दास ढालिया, नरेंद्र ठाकुर, राजा शर्मा, सुनील सराठे, संदीप कल्याणे, मनीष मकोरिया, राज मकोरिया, प्रभात मालवीय, निकी ठाकुर, चंदू यादव, राजकुमारी डागोर, सुकांति ठकुरिया, लक्ष्मी महाजन, रामू बहता, संजय राठौर सहित युवा साथियों ने रक्तदान किया।

## डॉ अंजुम जमाल का इंतेकाल

**भोपाल( काप्र )।** डॉ अंजुम जमाल का 64 साल की उम्र में निधन हो गया। अंजुम ने



अपनी पी.एच.डी डॉक्टर ईश्वर सिंह चौहन पूर्व कुलपति, बरकतउल्लाह विवि के मार्गदर्शन में 1990 में पूरी की थी। डॉ. अंजुम अपने पीछे पति शहाबुद्दीन चौधरी, बेटी सुआद चौधरी, बेटा ताहाउद्दीन चौधरी को छोड़ गई हैं। वह भोपाल के ख्याति प्राप्त उस्ताद कवि, शायर मो. सलीम की बेटी थीं। उन्हें हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी अनुवाद में दक्षता थी और उसी काम में समर्पित हो गई। वह भोपाल के प्रसिद्ध राईन समाज के शिक्षा विद्वान मो. अमीन उद्दीन चौधरी की बहु थीं। जो महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के पक्षधर थे।

# वेस्ट जोन अंतर विवि पुरुष हॉकी 2 से

**भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एंव खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश संयुक्त रूप से ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी ( मेन्स ) टूर्नामेंट का आयोजन 2 जनवरी से 7 जनवरी तक किया जा रहा है।**

टूर्नामेंट में पांच राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा से लगभग 55 विश्वविद्यालयों की टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम लिंक रोड नम्बर 1 एंव ऐशबाग हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है। टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में सायं 4ः00बजे आयोजित किया जाएगा।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं कौशल के क्षेत्र के साथ साथ निरंतर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश में अकेला ऐसा निजी विश्वविद्यालय है जिसने लगातार पांचवें वर्ष एन.आई.आर.एफ रैंकिंग में स्थान हासिल किया है। अकादमिक के साथ साथ विश्वविद्यालय निरंतर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

इस वर्ष एशियन गेम्स चीन, नेशनल गेम्स गोवा, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है।

# मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप के कलाकारों ने दी यादगार प्रस्तुति



भोपाल (हिनप्र)।

**मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप के कलाकारों ने राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में यादागार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि सुशील वासवानी, पूर्व अध्यक्ष आवास संघ थे। जबकि, विशेष अतिथि रमेश जनयानी, राजू जाट, अधिवक्ता डीपी समतानी का स्वागत ग्रुप के संचालक रामचंद सभनानी, कार्यक्रम के आयोजक विवेक नागरूरकर, उप संचालक सुरेश तनवानी, उप संचालक चुनी लाल जेठानी ने किया।**

वासवानी कहा नए उभरते हुए कलाकारों को मंच देने का प्रयास सराहनीय है। ग्रुप के संचालक रामचंद सभनानी एवं कार्यक्रम के आयोजक विवेक नागरूरकर को बधाई दी।

कार्यक्रम में रोशनलाल उतवानी, संस्थापक राष्ट्रीय सिंधी मंच कोषाध्यक्ष वासु गुलानी, सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष अशोक बुलानी, व्यास म्यूजिकल ग्रुप के संचालक, संजय पीएल व्यास, सुर शंकरा ग्रुप के संचालक सुरेश गर्ग एवं गायक नरेश गिदवानी, तारिक अंसारी, लाइक भाई, साजिद प्रेमी, राकेश तुलसियानी, एडवोकेट अनिल जैवर, एडवोकेट उमेश शिरोमणि द्विवेदी, एडवोकेट शब्बीर सिद्दीकी, नरेश पेसवानी के अलावा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रोशनी एवं मधु ने किया। उप संचालक सुरेश तनवानी ने आभार प्रदर्शन किया।

## शैक्षणिक भ्रमण में विज्ञान पर्यावरण से जुड़े स्टूडेंट्स

**भोपाल ( हिनप्र )।** ज्वाला कान्वेंट स्कूल में बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विज्ञान आंचलिक केंद्र, मेट्रो पार्क एवं कमला पार्क का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को विज्ञान एवं पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य राज बतरा ने बताया कि बच्चों को विज्ञान आं9चलिक केंद्र में बच्चों को विज्ञान के प्रयोग से संबंधित वस्तुओं मोबाइल इंजन ,पेंडुलम और विज्ञान सोलर सिस्टम और तारामंडल और थ्रीडी मूवी विज्ञान की जानकारी दी गई। मेट्रो सिटी पार्क में बच्चों ने मेट्रो ट्रेन को देखा। कमला पार्क में बच्चों को पर्यावरण से संबंधित शिक्षिकाओं ने जानकारी दी गई।

# सिंधी महिला पंचायत की रामधुनी का समापन

**भोपाल ( हिनप्र )।** सिंधी महिला पंचायत द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राम धुनी और प्रेमप्रकाश ग्रन्थ का समापन रविवार को हुआ। लाइफ लाइन स्कूल में राम ओर कृष्ण का जाप किया जा रहा था। समापन भोग साहिब धर्म गुरु पदमा उदासी ने किया। इस अवसर पर कन्या भोजन का आयोजन भी हुआ। साथ ही भंडारे का आयोजन भी हुआ। उदासी ने कहा कि भगवान राम के जाप से हर दुख नष्ट हो जाता है और इंसान भवसागर से पार उतर जाता है। समापन्न अवसर पर कमल प्रेमचंदानी, राजेश बेलानी, साबुमल रीझवानी, लोकेश वाधवानी रामधुनी में पहुंचे और राम कृष्ण के जाप किया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य किरण वाधवानी, नूतन लखवानी, माया बालवानी, लता लालवानी, नैना वाधवानी, मयूरी मूरजानी आदि उपस्थित थे।

**कलश यात्रा निकाली :** बजरंग सेना समिति एवं बी - वार्ड मोहल्ला समिति ने सैनिक कॉलोनी नुक्कड वाली माता मंदिर से लेकर बी वार्ड झूलेलाल मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। समिति के अध्यक्ष देवानी ने बताया कि एक व दो जनवरी 2024 को घर-घर राम अक्षत एवं राम चित्र दिये जाएंग्रे, जो अक्षत रहेंगे वो अयोध्या राम मंदिर से आए है। समिति लोगों से अपील करेगी, घरों में राम का चित्र लगाएं। 22 जनवरी को सभी अपने अपने घरों एवं मंदिरों को दीपों से प्रज्ज्वलित करें पटाखो फोड़े।

# कोरोना की आड़ में 50 लाख की बायोमेट्रिक हाजिरी डिवाइस कबाड़ बनी

भोपाल (काप्र)।

**मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पंद्रह हजार नियमित, संविदा, आउटसोर्स कर्मियों की बायोमैट्रिक हाज़िरी लगाने हेतु ग्वालियर व भोपाल रीजन के 18 वृत्त ( सर्किलों ) के अधीन आने वाले 56 डिविज़न, 359 वितरण केन्द्र व ज़ोन, 33/11 केवी के 1853 सब स्टेशनों सहित कुल 2320 थंब व आईस डिवाइज़ मशीनें वर्ष 2014-2016 के दौरान 50 लाख रूपये में खरीदी गईं थी, लेकिन उन्हें कोरोना की आड़ में अब कवाड़ बना दिया गया है।**

यह हाजिरी मशीनें चालू अवस्था में रहने पर भी इस्तेमाल नहीं किये जाने से अब अनुपयोगी हो गई हैं। अभी हाल ही में गत 18 दिसम्बर 2023 को बिजली कंपनी मुख्यालय के महाप्रबंधक (मानव संसाधन-एक) ने बाह्य स्त्रोत आउटर्सोस कार्मिकों हेतु ई- अटेडेन्स पोर्टल 21 दिसम्बर 2023 से लागू किया है, जिसमें इन कर्मिकों को अपनी शत-प्रतिशत ई-अटेन्डेन्स पोर्टल से लगाने के निर्देश जारी हुए हैं। अब से डेढ़ साल पहले तक यह आउटसोर्स कर्मी बिजली कंपनी द्वारा खरीदी गई करीब एक हजार थम्ब व आईस डिवाइसों के जरिये अपनी उपस्थिति प्रतिदिन दर्ज कराते थे, पर कोरोना सेकेण्ड फेस के समय बिजली कंपनी ने यह व्यवस्था बंद कर मैन्युअल हाज़िरी लागू की और उसकी जगह अब मोबाईल सेल्फी अटेंडेंस जैसी नई व्यवस्था बिजली कंपनी ने लागू कर दी है, जिसमें बिजली कंपनी अपने कर्मचारियों को ना तो मोबाईल खरीदकर दे रही है और ना ही रीचार्ज हेतु पैसा प्रदान कर रही है। इस कारण अनेकों नियमित, संविदा व आउटसोर्स के चपरासी, फर्राश, माली, हेल्पर व सुरक्षा सैनिक जैसे पदों पर कार्यरत गरीब कर्मचारी एंड्रॉयड मोबाईल खरीदने में असमर्थ होने से परेशान हैं। बिजली कंपनी ने आनन-फानन में नया ई-अटेंडेंस पोर्टल तो लागू कर दिया पर इस पोर्टल में आउटसोर्स कर्मियों को टेन्डर की शर्तों के मुताबिक प्रत्येक बिजली आउटसोर्स कर्मी के खातें में प्रतिवर्ष 15 आकस्मिक अवकाश और हर वर्ष मिलने वाले नौ राष्ट्रीय त्यौहार अवकाश प्रत्येक कर्मचारी के खाते में दर्शाये जाने थे, जो नहीं दर्शाये गये हैं। इससे ये कर्मचारी पात्र होने पर भी इन अवकाश लाभों से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीण व सुदूर पिछड़े क्षेत्रों में नेटवर्क व सर्वर समस्या हरदम बनी रहती है, इससे कर्मचारियों को डर है कि कई बार नये मोबाईल एप से हाजिरी नहीं लगने पर समय पर आकर व समय पर जाकर पूरा काम करने के बावजूद भी उनका हर माह वेतन कट सकता है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के 10 से 30 किमी के इलाके में एक या दो संविदा-नियमित-आउटसोर्स लाईन स्टॉफ ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात है।